हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025



## अंजनी पुत्र की भक्ति की बयार...
# मंदिरों में गूंजा हनुमान चालीसा का पाठ, शोभायात्रा में थिरके रामभक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्रीराम भक्त श्री हनुमान के जन्मोत्सव पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल रहा। घर-मंदिरों में श्री हनुमान चालीसा की गूंज रही। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद भोग लगाकर महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया।

विविध धार्मिक कार्यक्रमों में भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। अंचल के ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्र में भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। इस मौके पर श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहा। घर से लेकर मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए भक्त जुटे रहे। क्षेत्र के महावीर चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर, दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर सिंगारपुर, सुकुलदैहान, खपरीकला, भानपुरी, श्रीराम दरबार मंदिर, श्रीराम मंदिर मिल चाल, गांधी चौक स्थित मंदिर, श्री बालाजी मंदिर गंज चौक, सहित ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में हवन-पूजन के साथ भगवान श्रीराम भक्त वीर हनुमान का जन्मोत्सव मनाया गया।

### चौक-चौराहों में सजावट

इस अवसर पर लोगों ने घरों में ध्वज पताका लगाया। वहीं मंदिर परिसर सहित शहर के विभिन्न चौक-चौराहों को ध्वज पताका से सजाया गया था। इस मौके पर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का भी आयोजन किया गया। वहीं विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से देर रात तक भक्तों की उपस्थिति मंदिरों में बनी रही।

**खास बातें**

- हवन पूजन के बाद महाप्रसादी भंडारा का आयोजन
- भक्तों में रहा उत्साह





### शोभायात्रा में झूमे भक्त

शहर में श्री हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। दोपहर को निकली शोभायात्रा में भगवान श्री हनुमान की भव्य झांकी रखी गई थी। श्री हनुमान की वेशभूषा में बच्चों सहित अन्य भी शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण से प्रारंभ हुई, जो गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, दुर्गा चौक, सदर बाजार, रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन, जूनीहटरी, महावीर चौक से होते हुए समापन हुआ।

# एकपक्षीय कार्रवाई को लेकर घिरी कोतवाली पुलिस आवेदन देने के दो दिन बाद दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

व्यापारी के साथ मारपीट के मामले को लेकर अब कोतवाली पुलिस सवालों के घेरे में आ गई है। इस मामले में एकपक्षीय कार्रवाई को लेकर पुलिस के खिलाफ आक्रोश दिखने लगा है। पुलिस ने व्यापारियों के दबाव में ऑटो चालक के खिलाफ तो एक्शन ले लिया, लेकिन ऑटो चालक के आवेदन पर एफआईआर दर्ज करने में दो दिन का समय लग गया। वहीं एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

इतना ही नहीं ऑटो चालक के पिता ने यह भी कहा कि पुलिस ने आधा अधूरा सीसीटीवी वीडियो फुटेज जारी किया है। जबकि वायरल वीडियो को लेकर कहा जा रहा है कि पहले मारपीट की शुरूआत व्यापारी द्वारा की गई थी। व्यापारी द्वारा मारपीट होने के बाद ही जवाबी कार्रवाई में उनके बेटे ने यह कदम उठाया था। पिता ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने पढ़ने-लिखने वाले छात्रों को दबाव में आकर जेल में डाल दिया। जिसके चलते उनके भविष्य पर भी असर पड़ेगा। इस मामले में साहू समाज ऑटो चालक के समर्थन में आगे आ गया है।



### सरेंडर को बताया गिरफ्तारी

ऑटो चालक के पिता ने बताया कि उनके बेटे एवं अन्य दो लोगों ने पुलिस के सामने सरेंडर किया है। जबकि पुलिस ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में इस सरेंडर की जगह घेराबंदी कर पकड़ा जाना बताया गया है। इसको लेकर भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। बताया गया कि इसके अलावा आटो चालक के आवेदन पर दो दिन बाद एफआईआर तो कर ली गई, लेकिन अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

**यह था पूरा मामला** : मिली जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार को एनएच स्थित एक दुकान में ऑटो चालक द्वारा आटो खड़ा करने को लेकर व्यापारी के साथ विवाद हो गया था। जिसके बाद दोनों के बीच मारपीट भी हुई। इस मामले में ही व्यापारियों के दखल बाद आटो चालक एवं दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
• टीकाकरण
• नेबुलाइजेशन
• ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
• आई.पी.डी. (इलपेशेंट विभाग)
• CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
• वेंटिलेटर
• एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
• पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
• बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
• ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
• नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

इस नवरात्रि अपने घर लेकर जाए
अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
जिंदगी का बेस्ट डिसिजन!
JOHN DEERE
5405
TREM IV
4WD



जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव 98279 53976 अंबागढ़ चौकी 8103024569 चिचोला गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

प्रीमियम डेवलप्ड आवासीय प्लॉट
गणपति विहार के मुख्य द्वार पर
• टाऊन एवं कंट्री प्लानिंग द्वारा अप्रूव्ड • डायवर्टेड प्लॉट्स
• तुरंत मकान बनाने लायक • पक्की बाऊंड्री वाल से कवर्ड
• पक्की रोड – पक्की ड्रेनेज नाली के साथ
• 18000 वर्ग फीट का खुला मैदान
RERA APPROVED
गणपति बिल्डर्स
कॉलोनी हेतु आवश्यक सभी सुविधाएँ उपलब्ध
RERA No.: PCGRERA280225001885





Z-Duplex Luxury 3 BHK, Row House

गणपति
विहार

500 से भी अधिक खुशहाल परिवार
उपलब्ध सुविधाऐं
• मंदिर
• गार्डन
• बैडमिन्टन कोर्ट
• नगर निगम द्वारा पानी की सप्लाई

सीमित मकान ही उपलब्ध



R-Executive 2 BHK, Row House



WR-Duplex Luxury 3 BHK, Row House

बुकिंग कार्यालय :
वैगन आर-54, गणपति विहार कॉलोनी,
महावीर खेल मैदान के पास,
बोरसी, दुर्ग
बिल्डर्स एवं प्रमोटर्स:
Madhyani Builders
खेमराज मध्यानी ग्रुप
TEAM CREATIVE ADVERTISERS
RERA No.: PCGRERA050618000035
संपर्क : 98260 81020, 96170 46756

## खबर संक्षेप

### अंबेडकर जयंती 14 को

**रामाटोला।** मानिकपुर में आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाया जाएगा। कार्यक्रम में इकाई के अधीन आने वाले 24 ग्रामों के सामाजिक बंधु शामिल होंगे। मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य प्रशांत कोडापे, जनपद सदस्य महेश सेन, सरपंच दयाराम चंद्रवंशी, नेमु नारंग, अश्वनी चंद्रवंशी, राजकुमार वाडेकर, गिरधर सहारे, संतोष अंबादे, किशन नंदेश्वर, त्रिलोक सहारे, देवीलाल, राजेन्द्र लाडेकर होंगे। अध्यक्षता सुखनंद लाउत्रे एवं रूपलाल लाउत्रे करेंगे। इसी प्रकार धनडोंगरी में भी आंबेडकर जयंती मनाया जाएगा। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच रंग मया का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी टीकाराम बाघमारे, हीरालाल बाघमारे ने दी।

### सभापतियों का चयन

**मानपुर।** जनपद पंचायत मानपुर में सभापति का चुनाव गत दिनों संपन्न



हुआ। जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी सामान्य प्रशासन समिति की सभापति हैं। वहीं उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक को शिक्षा समिति, सईदा खान को कृषि समिति, राजू पोटाई को संचार संकर्म समिति, रविन्द्र सलामे को स्वच्छता एवं आजीविका समिति, बीदेराम नूरेटी को वन एवं जैव प्रौद्योगिकी समिति, कांता ठाकुर को स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति, पुष्पा आत्राम को सहकारिता व उद्योग समिति का सभापति बनाया गया है।

### सचिव की मांग पूरी करने दिया आवेदन

**सड़क अतरिया।** सुशासन तिहार के अंतिम दिन मानपुर नाका के सरपंच ने आवेदन देकर पंचायत सचिवों की शासकीकरण मांग को पूरा करने की मांग किया है। सरपंच ने आवेदन में बताया कि सरपंच बनने के बाद से सचिव हड़ताल पर चले गए हैं जिससे लोगों को मुलभुत सुविधा उपलब्ध कराने में परेशानी हो रही है। विकास कार्यों पर विराम लग गया है।

### पंचायत सचिव अब अनशन पर

**डोंगरगांव।** ब्लाक के सभी सचिव गत 18 मार्च से बेमियादी हड़ताल करने



के बाद अब अपने आंदोलन को और तेज करते हुए क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सचिव संघ के आव्हान पर ब्लाक के सभी मोदी की गारंटी के तहत शासकीयकरण के वादे को पूरा करने की मांग को लेकर आंदोलित है। अब सचिवों ने 11 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल प्रारंभ कर दिया है। पहले दिन संघ के ब्लाक अध्यक्ष रामदुलार साहू, विजय कुमार, कृष्ण कुमार, शंकरलाल माहेश्वरी, राजकुमारी खोबरागढ़े, खिलेश्वरी साहू, देवप्रकाश, येवेन्द्र कुमार साहू अनशन पर बैठे। इस दौरान मौसमी साहू, मोनिका खत्री, शंकर पटेल, नीलेश गुर्वे, चमन साहू, शेराज खान आदि मौजूद थे।

### पेंशनर्स संघ का चुनाव 14 को

**डोंगरगढ़।** प्रदेश पेंशनर्स संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य पद के लिए आगामी 14 अप्रैल को 10 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। पेंशनर एसोसिएशन भवन को मतदान केन्द्र बनाया गया है। नियुक्त दल द्वारा मतदान कराया जाएगा। एसोसिएशन क पदाधिकारियों ने सभी पेंशनरों से मतदान में हिस्सा लेने का आव्हान किया है। अध्यक्ष पद के लिए केएल टांडेकर, भैयाराम चन्द्राकर, यशवंत देवान प्रत्याशी है।

### मंदिर अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ उपलब्ध

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में स्त्री रोग एवं प्रसूती विशेषज्ञ डॉ. रुपल चंद्राकर सोमवार से शनिवार तक प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक अपनी सेवाएं दे रही हैं। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने महिलाओं से लाभ उठाने की अपील की है।

### वृद्धाश्रम में स्वल्पाहार एवं फल वितरण

**डोंगरगढ़।** महावीर जन्म कल्याणक के मौके पर चंद्रगिरि धाम के प्रमुख



किशोर जैन, नितिन जैन सहित अन्य परिजनों ने जीवन आनंद वृद्धाश्रम बछेराभाटा में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने स्वल्पाहार तथा फल वितरित किया।

### चिल्हर, खाद्य सामग्री की चोरी

**सड़क अतरिया।** ग्राम में शुक्रवार की रात एक होटल और पान ठेला का



शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। गांव के प्रवेश द्वार के पास यादव होटल और एक पान ठेला है। शुक्रवार शाम को दुकानदार अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सुबह होने पर जब ग्रामीण वहां से गुजरे तो उन्होंने होटल का शटर खुला देखा। चोरी की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने होटल मालिक को खबर दिया। दुकानदार ने आकर देखा तो पाया कि दुकान के गल्ला से चिल्हर और कुछ सामग्री गायब थी। इसी प्रकार लोधी पान ठेला में चिल्हर और खाद्य सामग्री की चोरी हुई।

### सड़क हादसे में बालिका घायल

**डोंगरगढ़।** बगदई पारा चौक के पास मोटर साइकिल सवार नाबालिग लड़की सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद राजनंदगांव रेफर किया गया। घायल भूमिका वर्मा पिता कहरलाल वर्मा ग्राम छिपा की निवासी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह मोटरसाइकिल से डोंगरगढ़ की ओर जा रही थी। विपरीत दिशा में आ रहे ट्रक से टकराने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पेट के नीचे भाग पर गंभीर चोट आने के कारण राजनांदगांव रेफर किया गया है। मोटर साइकिल चालक को चोट नहीं आई है।







### भजनों में थिरके महिला-पुरूष, मंदिरों में हुआ अनुष्ठान और भंडारा का आयोजन

# जन्मोत्सव : रामभक्त हनुमान की भक्ति, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अंचल में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। गांव- गांव में शोभा एवं कलश यात्रा, बाईक रैली, झांकी आदि आयोजन के साथ हनुमान लला की विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। सुबह से शाम तक जय श्रीराम, जय हनुमान का जयकारा गूंजता रहा। कही हनुमान चालीसा तो कही रामायण पाठ किया गया। झुरानदी में जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा के आतिथ्य में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद प्रसादी वितरण किया गया। इसी प्रकार सड़क अतरिया में ग्रामवासियों ने एक साथ हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना एवं अनुष्ठान किया। युवाओं की टोली ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। कुकुरमुड़ा में हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर हनुमान मंदिर का लोकार्पण एवं प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। इस दौरान आकर्षक झांकी के साथ कलश यात्रा निकाला गया। झांकी में हनुमान, गणेश, नौ दुर्गा आदि के प्रतिरूप शोभा बढ़ा रहे थे। पीछे सैकड़ों महिलाएं और युवतियां कलश लेकर शामिल हुई। गांव भ्रमण के पश्चात यात्रा का मंदिर परिसर में समापन हुआ। यहां विधि विधान के साथ प्रतिमा की स्थापना किया गया। कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, सदस्य निर्मला वर्मा, डोमारसिंह भेड़िया, मोतीलाल जंघेल, कविता जंघेल, गजेन्द्र ठाकरे, संजय वैष्णव, सोनम वैष्णव, रामकुमार पटेल, रोहित जंघेल, गैंदूराम जंघेल, देवकुमार जंघेल, संतोष यदु, राजकुमार साहू, जेठिया बाई, रूपेन्द्र वैष्णव शामिल हुए। ग्राम पंडरिया में ग्रामीणों ने उल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया। मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया। भगवा ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, सरपंच जानकी जंघेल, तामेश्वर जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, चोवाराम आदि शामिल हुए। खैरा नवापारा में बजरंग युवा समिति ने नवापारा से नर्मदा तथा अवंती चौक से नर्मदा मंदिर तक भव्य यात्रा निकाला। सैकड़ों युवा जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारा लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में गोरेलाल जंघेल, होमलाल जंघेल, दुर्गेश जंघेल, मोनू, कुल्लु, छत्तरराम जंघेल, चुनेश्वर, युवराज कश्यप, प्रदीप जंघेल आदि शामिल हुए। चकनार के हनुमान मंदिर में भी पूजा अर्चना किया गया। अनुष्ठान के बाद प्रसादी वितरण हुआ। इस दौरान लालचंद पटेल, योगेन्द्र सोरी, विशंभर पटेल, पवन पटेल, हेमंत पटेल, गोवर्धन सिन्हा, राहुल सिंह, भैरव आदि मौजूद थे।





### सुंदरकांड का सामूहिक पाठ

**सड़क चिरचारी।** चारभांठा में हनुमान भक्त युवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुंदर कांड , हनुमान चालीसा का पाठ कर हवन एवं महाआरती किया गया। शोभायात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण किया गया। इस दौरान गिरवर साहू, हेमप्रकाश साहू, अशोक साहू, कृष्ण कुमार दुबे, मुरलीधर साहू, हिमांशु, चेनल, दुष्यंत, पीताम्बर, पीयुष, मोहनीश, देवदत्त, रिषीराज, प्रियांशु, तेजेश, निरंजन, सुरेंद्र, गीतांशु, सत्यम, गिरजाशंकर, पीतम, डोमेन, रोहित, मनोहर, पुष्पेंद्र, दानु, निरेंद्र, मनोहर, खेमचंद आदि उपस्थित थे।

### जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरुक

**ठेलकाडीह।** प्रभु श्रीराम के भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर पूरा अंचल उनकी भक्ति में डूबा रहा। पदुमतरा स्थित श्रीराम जानकी शिव मंदिर में सुबह से भक्तों का आना जाना लगा रहा। जन्मोत्सव के मौके पर भक्तों ने कही खीर पूड़ी तो कही गुड़ चना आदि का वितरण किया। शाम को भंडारा प्रसादी वितरण किया गया। पदुमतरा मंदिर में गुड़ चना वितरण के साथ स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा ने जल संरक्षण संबंधी पर्ची वितरण किया। इस मौके पर जनपद सदस्य ललिता मोहन साहू, सरपंच हीना साहू, राकेश साहू, मुरली साहू, दीपक वर्मा, मंगलसिंह, धनेद्र साहू, सुकलाल साहू, रवि ठाकुर, उत्तम साहू, खेम, खेलन, दुर्गा साहू, संतोष साहू, नागेश, ओमकार साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### कई गांवों से गुजरी बाइक रैली

**घुमका।** अंचल में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभी हनुमान मंदिरों में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। भजन कीर्तन, अखंड रामायण पाठ एवं रामचरितमानस का बखान किया गया। इस दौरान भंडारा का आयोजन भी रखा गया। बजरंग दल ने परसबोड़ से कलडबरी, ऊपरवाह, मुड़पार, गिधवा, देवादा, हरडुवा, घुमका, पटेवा, दर्रा, अउरदा, रीवागहन, भालूकोंहा, गोपालपुर, सलोनी, मुड़पार तक बाइक रैली निकालकर हनुमान मंदिर में पूजा पाठ किया। बजरंग दल के अजय सिंह राजपूत की अगुवाई में निकली बाइक रैली में जनपद सदस्य जितेंद्र गायकवाड, दिलीप पटेल, पवन गायकवाड, श्यामलाल वर्मा, तरुण पटेल, प्रिंस राजपूत, गोपी साहू आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। बाइक रैली वापस थाना पहुंची जहां स्थित हनुमान मंदिर में पूजा की गई।

## सुबह निकाली शोभायात्रा, शाम को हुआ हवन

**डोंगरगांव।** राम भक्त हनुमान की जयंती शनिवार को शहर सहित पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से मंदिरो मे श्रद्धालु उमड़ने लगे थे। नगर के प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मदिर से सुबह शोभायात्रा निकला गया जो सदर लाइन, फव्वारा चौक, मुख्य मार्ग, श्रीराम द्वार, पुराना बस स्टैंड, पुराना थाना होते हुए वापस मंदिर पहुंची। मंदिर में लोगों ने विधि विधान के साथ पूजन- हवन किया। शहर भ्रमण के दौरान युवा महिला और पुरुषों की टोली बजरंगी के भजनों में जमकर थिरकी। इस दौरान जगह जगह स्वागत किया गया। विभिन्न स्थानों पर पेयजल, कोल्ड ड्रिंक आदि का वितरण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिपं सभापति जागृति यदु, नपं उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गुलशन हिरवानी, रामकुमार, प्रफुल्ल जैन, मनोज



हेमनानी, कोमल साहू, दीना पटेल, सतीश पांडेय, संतोष वैष्णव, महेश्वर साहू, मनबोधि पटेल, योगेश पटेल, संतोष यादव, हिना जैन, ममता ठाकुर, सतीश जैन, दिनेश नखत, गोपाल टावरी, श्रुति शुक्ला, अरूण जैन, काजल टावरी, नम्रता, उमाशंकर कुंवर, अंकित जैन, शारदा राजपूत, महेश्वरी गंजीर, नारायण साहू, वैभव माहेश्वरी, हेमंत चोपड़ा, सुनीता मालेकर, दीप्ति ठाकुर, ममता ऊके, शकुंतला महोबिया, शारदा टावरी, कंचन टावरी, मिताली कटकवार, अंजू त्रिपाठी, डॉ अशोक जैन, राजेंद्र शर्मा, दयानंद सेन, बद्रीनारायण शुक्ला, राजकुमार दुबे, सुनील साहू, गिरजा शंकर, सुरेश गुप्ता, राजू सोनी, धीरज सोनी, रमेश सोनी आदि मौजूद थे।

### प्राचीन हनुमान मंदिर में उमड़ा जन सैलाब



**डोंगरगढ़।** राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर मंदिरो में हवन पूजन एवं अभिषेक का आयोजन किया गया। नीचे मंदिर स्थित हनुमान मंदिर, प्राचीन तापसी हनुमान मंदिर में विद्यान पंडितों एवं अचार्यों की उपस्थिति में हनुमान की पूजन व भव्य आरती की गई। इसी प्रकार उपर मंदिर, छिरपानी, आरपीएफ बैरक, बस स्टैण्ड साई मंदिर, जयस्तंभ राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, हनुमान चालीसा पाठ किया गया। जयंती के एक दिन पहले शहर में मोटर साइकिल के अलावा झाकियों के साथ जुलूस निकाला गया। बुधवारी पारा, कश्मीरी पारा, हनुमान भक्त समिति गोल बजार ने श्रीराम हनुमान की मनमोहक झांकी के शोभायात्रा निकाला। हनुमान भक्त समिति की झांकी में राम, लक्ष्मण, हनुमान के रूप में सजे बच्चे आकर्षण का केन्द्र रहे। शोभायात्रा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वल्पाहर व पानी की व्यवस्था किया गया था। शहर में हनुमान जयंती के अवसर पर महावीर मंदिर प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विजय राज चौहान, संध्या देशपांडे, रामजी तराने आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### पूजा करने सुबह से शाम तक लगी रही कतार



**गंडई-पंडरिया।** टिकरीपारा वार्ड 13 स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से हनुमान मंदिर के सामने श्रद्धालुओं ने पंडाल लगाकर भजन-कीर्तन किया और विधिवत पूजा-अर्चना की। पं. भगेश्वर प्रसाद तिवारी ने हनुमान की विधि-विधान से पूजा कराई। इस अवसर पर हनुमान जी को सिंदूर का चोला चढ़ाया गया। प्रसादी वितरण किया गया। शाम को मंदिर परिसर में रामायण और सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पार्षद सावत देवांगन, टेकन देवांगन, त्रिभुवन देवांगन, संतुराम देवांगन, गौरव देवांगन, अमृत देवांगन, डोगेंद्र देवांगन अन्य ने आयोजन में सहयोग दिया। जन्मोत्सव के दौरान माहौल भक्तिमय रहा।

### सुंदरकांड का सामूहिक पाठ

**रामाटोला।** ग्राम के पुरानी बस्ती तालाब किनारे स्थित श्री हनुमान एवं श्री राम जानकी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुंदर कांड का सामूहिक पाठ करने के बाद महाआरती और महाप्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।







## प्रधान पाठक के सूने घर से हुई लाखों की चोरी

**डोंगरगढ़।** अछोली के बगदईपारा निवासी चेतनलाल सिन्हा पिता हरिलाल सिन्हा के सूने मकान से लाखों नगदी सहित गहनों की चोरी हो गई। श्री सिन्हा ने पुलिस को बताया कि वह प्राथमिक शाला नागतराई में प्रधान पाठक है। गत 9 अप्रैल को शाम 5 से 8 बजे के बीच उनके घर से अज्ञात व्यक्ति आलमारी में रखे लाखों नगद एवं जेवरात चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि अलमारी में नगदी 2.67 लाख, सोने का नेकलेस दो नग वजन 34 ग्राम कीमत 1.50 लाख, एक जोड़ी सोने का झुमका वजन 8 ग्राम कीमत 40 हजार, एक सोने का सुई धागा सेट वजन 4 ग्राम कीमत 15 हजार, सोने का दो लाकेट कीमत 8 हजार, सोने का मंगल सूत्र का पायपिंग चार नग वजन 2 ग्राम कीमत 5 हजार, दो जोड़ी चांदी की पायल कीमत 5हजार, चांदी की चम्मच, कटोरी एक-एक नग कीमत 1 हजार, तीन बैंक पास बुक, दो नग चेक बुक, प्रान कार्ड, दो नग कार एवं मोटर सायकल की आरसी बुक, बच्चों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित कुल 4.91 लाख की चोरी हुई है। पुलिस अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### संपर्क डिवाइस वितरित

**राजनांदगांव।** सिंघोला संकुल अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक शालाओं को संकुल समन्वयक कुलदीप देवांगन द्वारा संपर्क डिवाइस का वितरण किया गया। संपर्क डिवाइस में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के लिए विशेष लर्निंग मटेरियल, अभ्यास कार्य, मजेदार वीडियो तथा स्वयं करके सीखना जैसे कंटेंट है, जिसे एंड्राइड टीवी के माध्यम से बच्चे देख एवं सीख सकते हैं। इससे सीखना रुचिकर, आकर्षक एवं आसान हो जाएगा। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों को संपर्क डिवाइस का नियमित उपयोग करने प्रोत्साहित किया गया।

### महापौर ने लाभार्थियों से की मुलाकात



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस और सुशासन त्यौहार के अंतर्गत गांव चलो अभियान के तहत पूर्व सांसद व महापौर मधुसूदन यादव वार्ड नं. 4 नया ढाबा पहुंचे। महापौर श्री यादव भाजपा सरकार के सुशासन काल में जनता को मिले शासन की तरफ से योजनाओं का लाभ प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि योजना समेत अन्य योजनाओं के लाभ लेने वाले लाभार्थियों से मुलाकात कर चर्चा की। साथ ही जनता की समस्याओं को सुना और त्वरित निराकरण हेतु निर्देश भी दिए।

### जल संरक्षण के लिए निकाली कलश यात्रा



**डोंगरगढ़।** पहाड़ियों के बीच बसे कारूटोला में पद्मश्री फूलबासन यादव के नेतृत्व में जल कलश यात्रा निकाली गई। जल संरक्षण के लिए जब जल कलश का कारवां निकला, तब ग्रामवासियों की खुशी दुगुनी हो गई। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, सदस्य अनिता मंडावी, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, सोनकुमार सिन्हा, अमर साहू, ऋषि मिश्रा, अनुराधा शर्मा, ममता चंद्रवंशी जल कलश यात्रा में शामिल हुए। जल संरक्षण में नारी शक्ति की महत्ता को बताते हुए पद्मश्री फूलबासन यादव ने महिलाओं से सोख्ता गड्ढा बनाने कहा। उन्होंने सोख्ता गड्ढा बनाने की आसान तकनीक से लोगों को अवगत कराया। लोगों से श्रमदान कर बोरी बंधान करने की अपील की। भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्री वर्मा ने जल संरक्षण का महत्व बताया। इस मौके पर श्रीमती साहू और श्रीमती मंडावी ने भी ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सोनकुमार सिन्हा, अमर साहू, ऋषि मिश्रा, अनुराधा शर्मा, गोदावरी निषाद, सुनील कुमार दूधनाग, विनोद कुमार कंवर, आयोजक ममता चंद्रवंशी आदि मौजूद थे। संचालन देवेंद्र सिन्हा ने किया।

### जिला भाजपा की बैठक आज

**राजनांदगांव।** भाजपा द्वारा 6 से 14 अप्रैल तक विभिन्न आयोजनों के तहत स्थापना दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के दिन वृहद आयोजन एवं समापन का कार्यक्रम किया जाना है। जिसके तहत बैठक कल 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे भाजपा कार्यालय में आहूत की गई है। जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व विस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे विशेष रूप से शामिल होंगे। साथ ही बैठक में सांसद संतोष पांडे तथा पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, संभाग संयोजक महापौर मधुसूदन यादव का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा।

## चार दिन के सुशासन तिहार में 11 सौ आवेदन मिले

# लोगों ने मांगा जमीन का पट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

सुशासन तिहार में मूलभूत सुविधाओं की मांग और समस्याओं के निराकरण की अपेक्षा के साथ शिविर स्थल पर चार दिनों तक आवेदकों की भीड उमड़ी रही। इस बार मांगो के आवेदन अधिक प्राप्त हुए हैं।

शासन के निदेशानुसार नगर पंचायत क्षेत्र में 8 से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार मनाया गया। सुशासन तिहार के तहत वार्ड 5 स्थित टाउन हाल में शिविर लगाया गया। पहले दिन शिविर में गिनती के मात्र 12 आवेदन मिले।

दूसरे दिन आवेदकों की संख्या सैकड़ों तक पहुंच गई। तीसरे एवं चौथे दिन आवेदकों की संख्या में काफी इजाफा हुआ। सुशासन तिहार को सफल बनाने के लिए सीएमओ विजय पांडेय सहित निकाय का अमला चार दिनो तक डटा रहा। महावीर जयंती को अवकाश होने के बाद भी शिविर आयोजित कर आवेदन लिया गया। इस दौरान सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, जलील अहमद रब्बानी, सोफू जिलानी, दशरथ शर्मा, रामकुमार देवांगन, सिद्धार्थ देवांगन, जीवन पटेल, कंचन लकडा, कविता मंडावी, हेमंत अमिला, नेतकुमारी मानिकपुरी आदि जुटे थे।



### चार दिन में 11 सौ आवेदन

नगर पंचायत को चार दिनो में कुल 11 सौ आवेदन प्राप्त हुए। सबसे अधिक आवेदन मांग के हैं। सीएमओ श्री पांडेय ने बताया कि एक हजार से अधिक आवेदन मांगों से जुड़े हैं। शिकायत संबंधी आवेदन की संख्या सौ तक नहीं पहुंच पाई है। सीएमओ ने बताया कि मांगो के आवेदनों को अधिकारियों तक पहुंचाया जा रहा है।

### श्रमिक योजना के आवेदन ज्यादा

सुशासन तिहार में सबसे अधिक आवेदन भूमिहीन कृषि श्रमिक योजना के प्राप्त हुए है। चार दिनों तक हर वार्ड के लोगो ने भूमिहीन योजना का लाभ लेने शिविर में आवेदन दिया। इसके अलावा जमीन के पटटे की मांग करते हुए वार्ड क्रमांक 1, 2, 4, 6, 7, 8, 9 12, 13और 14 से आवेदन प्राप्त हुए है। इसके अलावा निः शुल्क नल कनेक्शन, पीएम आवास, पेंशन के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### मांगों और समस्याओं से संबंधित आवेदन मिले

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत बुढ़ानछापर एवं बोरतालव में आयोजित सुशासन तिहार में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर मांगों और समस्याओं का आवेदन दिया। ग्रामीणों ने इस दौरान मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत, पेयजल, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, आवास, सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राजस्व अभिलेख में सुधार सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दिया। बुढ़ानछापर के एक ग्रामीण ने बताया कि महिला सदस्य को महतरी वंदन योजना का लाभ नही मिल रहा है। महिला के खाते में पैसा नहीं आ रहा है। उन्होंने इस संबंध में भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू के अपनी बात रखा और आवेदन दिया। नेताद्वय ने ग्रामीणों को सुशासन तिहार के संबंध में जानकारी दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या हल करने और योजनाओं से लाभान्वित करने यह कार्यक्रम शुरू किया गया है।

### वार्ड की समस्याओं को लेकर दिया आवेदन



सुशासन तिहार के तहत कृषि उपज मंडी में आयोजित शिविर में पार्षद सुमित ताम्रकार ने वार्ड की समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में आवेदन प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए अध्यक्ष रमन डोंगरे ने पानी टंकी लगाने का आदेश दिया। इस पहल के लिए मोहल्लेवासियों ने पालिका अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद को धन्यवाद ज्ञापित किया है। आवेदन देने के दौरान मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, अमित जैन, विनय बंसल, पप्पू नामदेव, अमित छाबड़ा, गणेश विश्वकर्मा, विकास सहारे, मिथलेश उइके आदि मौजूद थे।

## विक्रांत ने दिया विकास और समस्या समाधान का भरोसा



**खैरागढ़।** जिला पंचायत क्षेत्र भुरभुसी से जिपं सदस्य चुनकर आए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र के कालेगोंदी, बिरनपुर कला, छिराहीडीह, हरडंडा, नेवासपुर, काशीटोला, चिलगुड़ा, पेंडरवानी पहुंचकर चुनाव में जीत दिलाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों का आभार जताया। चुनाव बाद पहली बार निर्वाचन क्षेत्र पहुंचे जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं व जनता को देते हुए कहा कि यह जीत प्रदेश की भाजपा सरकार के सुशासन की जीत है।

उन्होने कहा कि जिलेवासियों ने जिस ढंग से त्रिस्तरीय चुनाव में भाजपा सरकार पर भरोसा जताया है उससे जिले के समुचित विकास की राह आसान हो गई है। अब ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेगी और क्षेत्र का समुचित विकास होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिस उम्मीद और भरोसे से उन्हें शानदार जीत दिलाई गई है उस पर वह पूरी तरह से खरा उतरेंगे। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों सहित क्षेत्रवासियों ने उनका सम्मान किया। इस दौरान भाजपा नेता राकेश ठाकुर, छुईखदान जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल, लीलाराम साहू, रामवतार साहू, धोधा सरपंच दुजेराम जंघेल, हमेश यदु सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### वनांचल के ग्रामीणों ने की मुलाकात

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित सभी सदस्यों से वनांचल क्षेत्र मानपुर घाट, कटंगी सहित अन्य ग्राम पंचायतों से आए जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने मुलाकात कर बधाई दी। ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त की राशि हस्तांतरित कराने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार सभी वर्गों के हित में काम कर रही है जिससे किसान, युवा, महिलाओं को फायदा मिल रहा है। उन्होंने श्री सिंह को अपने अपने क्षेत्र में आने का न्यौता भी दिया और पंचायतों में जरूरतो को लेकर विकास कार्य कराने मांग पत्र भी सौपा। जिपं उपाध्यद्धक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश मे सिर्फ घोटाला किया है जिसमें नरवा गरवा घुरवा बाड़ी के नाम पर करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ है। जमीन स्तर को दरकिनार कर कागजों में काम हुआ है। उन्होंने ग्रामीणो को आश्वस्त करते हुए कहा कि नए जिले के बेहतर स्वरूप को लेकर व्यवस्थित तरीके से काम किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर विशेष फोकस रहेगा।

## भाजपा ने बिगाड़ दिया कांग्रेस का खेल

- थोक सब्जी व्यवसायियों के व्यवस्थापन पर ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

थोक सब्जी व्यवसायियों के व्यवस्थापन नाम पर हुए खेल को नगर पंचायत की मौजूदा कार्यकारिणी ने बिगाड़ते हुए पूरी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है। अब सक्षम मूल्यांकन के बाद वास्तविक दुकानदारों का व्यवस्थापन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों आयोजित सामान्य सभा की बैठक में थोक सब्जी व्यवसायियों के व्यवस्थपन का विषय भी एजेंडा शामिल था। उल्लेखनीय है कि पूर्व कार्यकारिणी ने बिना प्रस्ताव के ही व्यवस्थापन की पहल करते हुए दुकानदारों से राशि जमा करवा लिया था। राशि लेने के पहले समक्ष अधिकारी से मूल्यांकन नहीं करवाया और 27 व्यवसायियों से 80 - 80 हजार जमा करवा लिया था। जबकि नीलामी प्रक्रिया अपनाया जाता तो बड़ी रकम नगर पंचायत को मिलती। वही कुछ ऐसे लोगों से भी राशि ले लिया गया जो कभी भी सब्जी व्यवसाय से जुड़े नहीं रहे हैं। जानकारी के अनुसार तीन कथित सब्जी कारोबारी से सात दुकान का पैसा जमा करवाया गया था। सेटिंग के चलते अंचल सम्पत्ति अंतरण अधिनियम को भी ताक पर रख दिया गया था। यह मामला हरिभूमि में उजागर होने के बाद बैठक को स्थगित कर दिया गया था तब से यह मामला लंबित था।

### फिर करवाया राशि जमा

व्यवस्थापना प्रक्रिया के विवादित होने के बाद भी अक्टूबर माह एक व्यसायी को दो दुकान की राशि जमा करवा लिया गया। वहीं आबंटन की प्रक्रिया पूरी होने के पहले शटर लगाना भी शुरू कर दिया था जिस पर कांग्रेस के एक पार्षद ने आपत्ति दर्ज कराया था। विवादों को देखते हुए सामान्य सभा की बैठक में पूरी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है।

### मूल्यांकन के बाद आबंटन

दुकानों का सक्षम अधिकारी से मूल्यांकन कराने और व्यसायियों का भौतिक सत्यापन कराने के बाद थोक सब्जी व्यसायियों का पात्रता रखने पर ही व्यवस्थापन किया जाएगा।

- अंजू त्रिपाठी, अध्यक्ष

## सुशासन तिहार में 437 आवेदन मिले

**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार 8 से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायत सहसपुर दल्ली के आश्रित ग्राम भरकाटोला, कलकसा में कुल आवेदन 437 विभिन्न मांगों का प्राप्त हुआ। उक्त सुशासन तिहार में ग्राम के रोजगार सहायक हरिलाल साहू का विशेष योगदान रहा।



# सुशासन तिहार, दो दिन में मिले 23 हजार आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- सुशासन तिहार में सबसे ज्यादा भागीदारी ग्रामीण क्षेत्रों से देखने को मिली

राज्यव्यापी सुशासन तिहार में लोगों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं व मांगों को लेकर आवेदन देने का सिलसिला लगातार जारी है। जिले में सुशासन तिहार को लेकर आयोजित शिविर में लोग बड़ी संख्या में समाधान पेटी में आवेदन देने पहुंच रहे हैं। शुरूआती दिन में ही अब तक कुल 23 हजार 786 आवेदन मिला है। जिसमें 23 हजार 572 मांग और 214 शिकायतें शामिल हैं।

सुशासन तिहार में सबसे ज्यादा भागीदारी ग्रामीण क्षेत्रों से देखने को मिली है। जहां जनपद पंचायत खैरागढ़ और छुईखदान अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों से 23 हजार 245 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें खैरागढ़ जनपद से 14 हजार 407 और छुईखदान जनपद से 8 हजार 838 आवेदन मिला हैं जबकि नगरीय क्षेत्रों से 541 आवेदन ही मिला हैं।

### सुशासन तिहार में पहुंच रहे लोग

जनमानस की समस्याओं का समाधान करने, शासन की योजनाओं का लाभ देने और जनता से सीधे संवाद करने शासन की पहल सुशासन तिहार का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और प्रथम चरण में आवेदन देने के लिए जिलेवासी आयोजित शिविर में उत्साह से पहुंचे तथा अपनी समस्या व मांग के संबंध में आवेदन जमा कर रहे हैं। 8 से 31 मई 25 तक तीन चरणों में आयोजित होने वाले सुशासन तिहार के पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, हाट-बाजार, विकासखंड और जिला मुख्यालय में जनता से आवेदन लिया जा रहा हैं। इसके लिए समाधान पेटी और पोर्टल के माध्यम से ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध कराया गया हैं। लोग अपनी मांग व शिकायत संबंधी आवेदन शुक्रवार 11 अप्रैल तक कर सकते हैं। जिसके बाद दूसरे चरण मे 12 अप्रैल से आवेदनों के निराकरण की कारवाई शुरू की जाएगी। संबंधित विभागों द्वारा इन आवेदनों को एक माह के भीतर समाधान किया जाएगा। वही अंतिम चरण में 5 से 31 मई तक जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां आवेदकों को उनके मामलों की स्थिति से अवगत कराया जाएगा और मौके पर समाधान भी कराया जाएगा।

## एनबीआईएस बोरी में धूमधाम से मना हनुमान प्राकट्य दिवस

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में हनुमान प्राकट्य दिवस उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष सभा का आयोजन शाला के हेल्थ क्लब द्वारा किया गया। प्री प्राइमरी के बच्चों द्वारा रामजी, सीताजी तथा हनुमानजी के रूप धर बच्चों ने रामायण के प्रसंग को चरितार्थ करते सुंदर झलक सभी को दिखाई। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत आरती की गई तथा शाला परिवार में प्रसाद वितरण किया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने हनुमानजी के जन्मोत्सव की बधाई देते हनुमानजी के आदर्शों व सीख पर चलने की महत्ता को समझाया गया। जीवन में कैसी भी परिस्थिति आ जाए सदैव सत्य कर्म के मार्ग पर ही चलना चाहिए, अपने बल और बुद्धि में हमेशा सामंजस्य बनाकर रखना चाहिए, ताकि जीत निश्चित हो। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, बच्चे तथा आफिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बिजनेस साईट

## गरम मसाला रेस्टोरेंट का उद्घाटन

**राजनांदगांव।** शहर के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध कराने एक विशेष थीम को ध्यान में रखते होटल अमोरा के एमडी अंकित दुआ द्वारा होटल अमोरा में नवीन रेस्टोरेंट गरम मसाला की शुरूआत की गई है। इस रेस्टोरेंट का उदघाटन महापौर मधुसूदन यादव के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम के एमआईसी सदस्य राजा माखीजा सहित नगर के प्रतिष्ठित व्यापारीगण उपस्थित रहे। सभी ने फूड टेस्ट करते फूड की क्वालिटी और टेस्ट की बहुत तारीफ भी की।



**गरम मसाला रेस्टोरेंट का 3-एस की खासियत**

होटल अमोरा के एमडी अंकित दुआ ने अपने नवीन रेस्टोरेंट गरम मसाला को लेकर कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम बेस्ट स्टैंडर्ड का फूड प्रोवाइड कर सके। इस रेस्टोरेंट के माध्यम से हर व्यक्ति को 3-एस स्टैंडर्ड का फूड प्रोवाइड होगा। जिससे स्वाद के साथ-साथ लोगों को बेहतर स्वस्थ भोजन प्राप्त हो सके। 3-एस का मतलब है स्वस्थ, शुद्ध, स्वादिष्ट आहार। गरम मसाला रेस्टोरेंट में इंडियन, चाइनीज, तंदूर, कांटिनेंट आदि प्रकार के व्यंजन प्राप्त होगा। रेस्टोरेंट का समय सुबह 11 से रात्रि 11 बजे तक का रहेगा। साथ ही यहां ग्रुप बुकिंग, किट्टी पार्टी और बर्थ-डे पार्टी जैसे बहुत से कार्यक्रमों को करने की बेहतर सुविधा होगी।

## पानी बचाने नगर निगम की पहल

# सार्वजनिक नलों में टोटी लगाने कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रीष्म ऋतु में निगम सीमाक्षेत्र के सभी वार्डों में पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिए नगर निगम प्रयासरत है, जहां एक ओर जल विभाग की टीम व्यर्थ बहने वाले नल बंद करने एवं पानी का दुरूपयोग करते पाए जाने पर नल काटने की कार्रवाई कर रही है। वहीं सार्वजनिक नलों में टोटी लगाने की कार्रवाई भी की जा रही है। जिसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में लगे सार्वजनिक नल जिसका उपयोग हो रहा है, वहां के नलों में टोटी लगाई जा रही है।

उल्लेखनीय है इस ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ से ही मोहारा शिवनाथ नदी में जल स्तर कम होने के कारण पेयजल सप्लाई में कठिनाई होने पर महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर दो दिन में तीन बार पानी सप्लाई की जा रही है, ताकि गर्मी के दिनों में नागरिकों को पर्याप्त पानी दिया जा सके। पानी के सुचारू सप्लाई के लिए महापौर एवं आयुक्त मोहारा नदी, जल संयंत्रगृह के अलावा वार्डों में निरीक्षण कर सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए हर संभव प्रयास करने अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं। शहर में अनावश्यक बहते पानी व पानी का दुरूपयोग पर कार्रवाई की जा रही है।



### पानी का अपव्यय न करें

आयुक्त विश्वकर्मा ने व्यवासायियो एवं नागरिकों से अपील की है कि ग्रीष्म ऋतु में जल स्तर कम होने को ध्यान में रखकर पानी का अपव्यय न करें, अनावश्यक बहते पानी को रोके, नलों में टोटी लगाएं, ताकि सभी को पर्याप्त पानी मिल सकें। सबके सहयोग से ही जल संकट से आसानी से निपटा जा सकता है।

### आवश्यकतानुसार ही करें पानी का उपयोग

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि पानी की किल्लत को ध्यान में रखकर शहर में निरीक्षण कर अनावश्यक बहते नल बंद करने तथा पानी का दुरूपयोग रोकने गाड़ी सर्विसिंग सेंटरों को नल के पानी का उपयोग पीने के लिए करने के अलावा गाड़ी सर्विसिंग करते पाए जाने पर नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई और अब सुचारू पेयजल के लिए उपयोगी सार्वजनिक नलों में टोटी लगाने की कार्रवाई की जा रही है। सार्वजनिक नल का उपयोग करने वालों को समझाईस दी जा रही है कि वे आवश्यकतानुसार ही पानी का उपयोग करें, पानी भरने के उपरांत नल बंद कर दें। जिनके द्वारा टोटी निकाली जाती है, उन्हें पानी का अपव्यय रोकने समझाईस दें, नहीं मानने पर संबंधित के संबंध में निगम को अवगत कराएं। जिससे निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी, ताकि नलों में टोटी लगा रह सके और पानी व्यर्थ न बहे।

## गायत्री टैलेंट सर्च का मेगा फाइनल आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जेएलएम गायत्री विद्यापीठ द्वारा गत दिनों कला व खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें मंच प्रदान कर सम्मानित करने व उत्कृष्ट भविष्य हेतु उन्हें बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने एक मुक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें नगर के लगभग सभी स्कूलों के विद्यार्थी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दो चरणों मे संपन्न ऑडिशन में 200 से अधिक बच्चों ने अपना पंजीयन करवाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि कल 13 अप्रैल को सुबह 8.30 बजे प्रतियोगिता गायत्री टैलेंट सर्च 2025 का मेगा फाइनल होने जा रहा है।

जिसमें चयनित प्रतिभागी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर प्रतिस्पर्धा में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। यह जानकारी शिक्षिका भारती यादव एवं शिक्षक अतुल व्यास ने दी।

## बच्चों ने किया हनुमान चालीसा का वाचन



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में शनिवार को प्रातः प्रार्थना सभागार में हनुमान जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1ली से 12वीं तक के विद्यार्थी उपस्थित थे। कुछ विद्यार्थी श्रीराम, हनुमान एवं सीताजी की वेशभूषा में शोभायमान प्रतीत हो रहे थे। हनुमानजी की वेशभूषा में विद्यार्थियों द्वारा जय हनुमान, जय श्रीराम के जयकारों से सभागार गुंजायमान हो उठा। बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा का सुमधुर वाचन किया गया। बच्चों द्वारा सुंदर भजनों की भी प्रस्तुति दी गई। आयोजन में प्राचार्य शैलजा नायर ने शुभकामनाएं देकर विद्यार्थियों को हनुमानजी के गुणों को आत्मसात करने की प्रेरणा देते कहा कि हनुमानजी को जीवन प्रबंधन गुरू भी कहा गया है, जो हमें जीवन के हर मोड़ पर जीवन जीने का मंत्र अपने व्यक्तित्व से देते हैं।

इस अवसर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, तरणजीत सिंह टूटेजा सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

## सार समाचार

### सीईओ ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**राजनांदगांव।** शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने तथा जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी से लेकर ग्रामों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत मनकी एवं तोरनकट्टा पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर अपनी मांगों एवं समस्याओं के समाधान तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने समाधान पेटी में आवेदन करने की अपील की। उन्होंने प्राप्त आवेदन पत्रों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों को जल प्रबंधन, जल संरक्षण स्वच्छता एवं फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया।



### गौरीनगर में मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा पुनः प्रारंभ

**राजनांदगांव।** गौरीनगर वार्ड में मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा पुनः प्रारंभ की गई। ज्ञात हो कि गत दिनों ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आसिफ अली व वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद हफीज खान के नेतृत्व में पानी व मोबाइल मेडिकल यूनिट की मांग को लेकर नगर निगम का घेराव कर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया था। पूर्व में लगभग डेढ़ साल से विधानसभा चुनाव के बाद से मेडिकल यूनिट की सेवा गौरीनगर में बंद हो चुकी थी। इस संबंध में पांचवीं बार पार्षद पद की शपथ लेते ही हफीज खान ने विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह व महापौर मधुसूदन यादव के सामने सेवा पुनः प्रारंभ करने की मांग भी रखी थी। पिछले डेढ़ साल से मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा बंद हो जाने से गौरीनगर सहित पटरी पार के कई वार्ड प्रभावित हो रहे थे। उक्त मांग पर 9 अप्रैल से यह सेवा पुनः गौरीनगर ग्राउंड में शुरू कर दी गई है। इससे गौरीनगर सहित पटरी पार की जनता में हर्ष है। उक्त मौके पर पार्षद हफीज खान, पूर्व पार्षद समद खान, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा, शंकरलाल छेदैय्या, डॉ. विंसेंट नाग, डॉ. फ्रांसिस नाग, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री जाकिर खान, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष विजय यादव, यासीन शेख, श्रेष्ठ गोगना, जीवेंद्र कुंजाम, सोहेल कुरैशी, नरेश यादव आदि सहित लाभार्थीगण उपस्थित थे। सभी ने नगर निगम आयुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया।



### बाइक सवार युवक को अज्ञात ट्रक ने कुचला

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ -खैरागढ़ मार्ग पर एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की शाम लगभग 6.30 बजे बाइक सवार युवक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई।

**आरोपी वाहन चालक की तलाश**

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत की सूचना मिलने पर डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं आसपास के सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**मृतक की शिनाख्त में जुटी पुलिस**

वाहन की चपेट में आने की वजह से हादसे में युवक का शव क्षत-विक्षत हो गया। जिसकी वजह से उसकी पहचान करने में पुलिस जुटी रही। वाहन के नंबर प्लेट के आधार पर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त शुरू की। वहीं आसपास के लोगों से भी मृतक के हुलिये अनुसार पूछताछ की गई।

### चाकू लहराते घूम रहा आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** भगवान श्री हनुमान शोभायात्रा के दौरान नगर के बुधवारीपारा गुरुद्वारा के समीप चाकू लेकर घूम रहे खिलेश साहू पिता घंसु साहू 24 साल निवासी वार्ड नंबर 15 बुधवारीपारा को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा । आरोपी के पास से चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरूद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा के दौरान डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा सुरक्षा और शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया था। इसी दौरान चाकू लेकर घूम रहे आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।




### आयुक्त ने ली जल विभाग के वाल्वमेनों की बैठक

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बीते दिनों वाल्वमेन की बैठक लेकर वाल्व खोलने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल सप्लाई में वाल्वमेनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और ग्रीष्म ऋतु में पानी ज्यादा खपत होने पर सुचारू पेयजल सप्लाई जरूरी होता है, जिसे ध्यान में रखकर सभी को कार्य करना है। आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि सभी वाल्वमेन टंकी पूरा भरने के पश्चात ही वाल्व चालू करेंगे। किसी के कहने पर वाल्व से किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वाल्व खोलने के पश्चात पाईप लाइन लिकेज, कम पानी आने, पानी नहीं आने आदि का अपने-अपने क्षेत्र में जांच करेंगे और संबंधित अधिकारी को अवगत कराएंगे। वाल्व में निर्धारित चुडी से अधिक न खोले और न ही कम चुडी खोले। उन्होंने कहा कि मोहारा शिवनाथ नदी का जल स्तर कम होने पर पानी सप्लाई में कठिनाई आ रही है, इसे ध्यान में रखकर टंकी भरने के पश्चात ही वाल्व खोलना है। जिससे पूरे प्रेशर से सभी क्षेत्रों में पानी सप्लाई हो सके।

### जिला स्तरीय समिति गठित

**राजनांदगांव।** सीएम तीर्थदर्शन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अध्यक्ष है। कलेक्टर संजय अग्रवाल उपाध्यक्ष है। इसी तरह एसपी मोहित गर्ग, जिपं सीईओ सुरूचि सिंह सहित जिले के सत्कार अधिकारी, सीएमएचओ सदस्य तथा उप संचालक समाज कल्याण को सदस्य सचिव बनाया गया है।

## दोपहर में शहर की सड़कें वीरान, शाम को बढ़ रही चहल-पहल

# तपने लगी दोपहर की धूप, गर्मी से बचने गमछे और शीतलपेय की बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में इन दिनों मौसम में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। सुबह सामान्य मौसम रहने के बाद दोपहर को तेज धूप से चुभन महसूस हो रही है। वहीं गर्मी बढ़ने की वजह से कूलर की मांग बढ़ गई है। लोग धूप से बचने स्कार्फ का सहारा लेकर चल रहे हैं।

मार्च महीना बीत चुका है और अप्रैल माह की शुरूआत हो गई है। वहीं इस वर्ष फरवरी माह से ही जल स्तर गिरने के चलते गर्मी बढ़ने लगी थी। जिसकी वजह से मार्च में ही धूप चुभने लगी है। तेज धूप की वजह से दोपहर के वक्त शहर की सड़कें भी वीरान होनी शुरू हो गई है। लोग धूप से बचने देर शाम के बाद खरीददारी के लिए निकल रहे हैं।



**शीतल पेय का सहारा**

शहर में बढ़ती गर्मी के बीच जगह-जगह गन्ना रस, नींबू पानी और लस्सी की दुकान भी लग गई है। वहीं लोग धूप से बचने के लिए ठंडे पेय पदार्थ का सेवन भी कर रहे हैं। खासकर नीबू पानी और गन्ना रस की दुकानों पर लोगों की भीड़ नजर आ रही है, जो इस गर्मी में लोगों को राहत दे रही है।

**खस की मांग बढ़ी**

शहर में बढ़ती गर्मी के बीच घरों में कूलन चलने भी शुरू हो गए हैं। वहीं जगह-जगह चौक-चौराहों पर कूलर के खस बदलाने भी लोग पहुंच रहे हैं। कूलर की ठंडकता बनाए रखने के लिए बाजार में भी अलग-अलग खस की डिमांड बढ़ी हुई है। जिसमें प्राकृतिक घास का वूडूल, खस और हनीकॉम्ब कूलिंग पैड बाजार में उपलब्ध है।

**बाजार में स्कार्फ की मांग**

दोपहर की तेज धूप से बचने के लिए लोग चेहरे को स्कार्फ से ढंककर निकल रहे हैं। वहीं बाजार में धूप से बचने के लिए गमछे और स्कार्फ की मांग भी बढ़ी है। शहर के कई जगहों पर स्कार्फ, गमछे और धूप के चश्मों की दुकानें सजी हुई है।

**तरल पदार्थ के सेवन की सलाह**

गर्मी और लू से बचने के लिए चिकित्सक भी लोगों को ज्यादा से ज्यादा अपने शरीर को कपड़ों से ढंककर चलने, तरल पदार्थ का सेवन करने के साथ ही अधिक पानी पीने की सलाह दे रहे हैं।

### पंचायत सचिवों ने किया हनुमान चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीयकरण की अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर बीते 27 दिनों से हड़ताल कर रहे पंचायत सचिव ने आज हनुमान जन्मोत्सव मनाया और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर प्रदेश सरकार को अपनी मांग के प्रति जगाने प्रार्थना की।

अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पंचायत सचिव लगातार अलग-अलग तरीके से शासन तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। बीते दिनों पंचायत सचिवों ने नगाड़ा बजाया, फिर मंजीरा बजाया, भगवान महावीर जयंती का आयोजन किया और फिर क्रमिक भूख हड़ताल की शुरूआत की।

धरना प्रदर्शन कर रहे पंचायत सचिवों ने कहा कि सरकार ने अपने घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत 100 दिन के भीतर शासकीयकरण करने का वादा किया था, लेकिन अब तक यह वादा उन्होंने पूरा नहीं किया है। सरकार को अपना वादा याद दिलाने के लिए अलग-अलग तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं।

# मजदूरों ने अध्यक्ष का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा का स्वागत करने बड़ी संख्या में जिला भाजपा कार्यालय में मजदूर पहुंचे। पार्टी कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत व पार्टी के महामंत्री सौरभ कोठारी की उपस्थिति में स्वागत कार्यक्रम हुआ।




भाजपा मीडिया सेल के अनुसार स्वागत समारोह को संबोधित करते पार्टी अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि योगेशदत्त पिछले 4 दशकों से श्रमिक आंदोलनों से जुडे रहे। वे सदैव सड़क की लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं हटे। उन्होंने पूरा जीवन श्रमिकों के लिए समर्पित कर दिया था। उनके संघर्ष को देखते पार्टी ने उन्हें यथोचित सम्मान दिया। जिससे मजदूर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल मजदूर के सामाजिक विकास के लिए वर्षों से कार्यरत हैं। इसमें कलकारखानों व उद्योगों में काम करने वाले मजदूर पंजीयन कराकर केन्द्र की मोदी सरकार व राज्य की विष्णुदेव सरकार के श्रमिकहित की योजना का लाभ उठा सकते हैं। योगेशदत्त के अध्यक्ष बनने से इस मंडल का और अधिक विकास होगा और अधिक संख्या में मजदूरों को लाभ मिलेगा। वे एक अनुभवी मजदूर नेता है। जिसका लाभ मजदूरों को मिलेगा।

समारोह में आभार व्यक्त करते योगेशदत्त मिश्रा ने कहा कि देश का सर्वांगीण विकास हो, यह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है। आज देशभर में 80 करोड़ गरीब मजदूर, किसानों व आम लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। सेना के तीनों अंगों को नए-नए हथियार उपलब्ध कराया जा रहा है। देश को पूर्णतः सुरक्षित बनाने बांग्लादेश, पकिस्तान व चीन की सीमा को अभेद बनाए जा रहे हैं। देशभर में विकास की एक नई रफ्तार देखने को मिल रही है। हम सब भाजपा के इस अभियान में पूरी शक्ति के साथ जुडे हैं, ताकि विकसित भारत के स्वप्न को साकार किया जा सके।

इस दौरान रविन्द्र रामटेके, लक्ष्मी वर्मा, केशवराम सिन्हा, बालाराम साहू, दिपेश सोनकर, धर्मेन्द्र सोनकर, पालक यादव, कुशल यादव, रामेशर ठाकुर, डिकेश्वर यादव, प्यारे यादव, रोहित यादव, गुमान साहू, शत्रु, मोहित यादव, तुलसी ठाकुर, गोपाल यादव उपस्थित थे।

## महापौर से मिला पेंशनर्स संघ



■ भवन की मांग पर मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पालिक निगम राजनांदगांव नगरीय निकाय पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों ने मधुसूदन यादव को महापौर निर्वाचित होने पर बधाई दी। संघ के पदाधिकारियों ने संघ के पूर्व बहुप्रतिक्षित पेंशनर्स भवन की मांग महापौर के समक्ष रखी। महापौर ने उक्त भवन के लिए आश्वासन व सहमति दी। महापौर श्री यादव का स्वागत करने के दौरान संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्गाराम साहू, उपाध्यक्ष उमाशंकर देवांगन, प्रांतीय संघ संभागीय अध्यक्ष रामबोहरन तिवारी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष कपिलेश्वर प्रसाद साहू, सेवानिवृत्त स्वास्थ्य अधिकारी अजय यादव, सेवानिवृत्त नगर निगम सचिव चन्द्रिका प्रसाद सिन्हा, राजेश वर्मा, राधेलाल साहू, ललित कुमार साहू, खुमानलाल साहू, पुनदास भारती, सेवाराम साहू शामिल थे।

# नई रेल लाइन के शुरू होने से नए युग की होगी शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गत दिनों छत्तीसगढ़ आगमन पर खरसिया से नया रायपुर परमालकसा के लिए नई रेलवे लाइन की स्वीकृति की घोषणा पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने हर्ष व्यक्त करते कहा कि वह इस परियोजना की स्वीकृति पर मोदी सरकार का विशेष रूप से धन्यवाद करना चाहते हैं।



श्री सिंह ने कहा कि 8741 करोड़ लागत की इस परियोजना के लागू होने से बलौदा बाजार एवं ऐसे कई क्षेत्रों को रेलवे की सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। वहीं इस परियोजना के साथ ही इन क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा के बीच रूट की लंबाई 278 किमी है और रेलवे ट्रैक 615 किमी में बिछेगा। इस रूट के बीच 21 नए रेलवे स्टेशन बनेंगे। साथ ही 48 ब्रिज, 349 छोटे ब्रिज, 14 आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज), 184 (रेलवे अंडरब्रिज) और पांच रेल फ्लाई ओवर भी बनेंगे। खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा लाइन से सड़क परिवहन की तुलना में रसद लागत में 2,520 करोड़ रुपए की कमी आने की उम्मीद है। साथ ही हर साल 22 करोड़ डीजल की भी बचत होगी।


मीडिया सेल के अनुसार छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के विकास और यात्रियों को किफायती एवं सुगम परिवहन की दिशा में इस परियोजना को एक बड़ा कदम बताते अभिषेक सिंह ने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी और इससे पर्यावरणीय स्थिरता और ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को भी एक नया आयाम मिलेगा।

श्री सिंह ने इस उपलब्धि पर केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं राज्य मंत्री तोखन साहू एवं सांसद संतोष पांडे को धन्यवाद देते कहा कि इस परियोजना से राजनांदगांव का भी तेजी से विकास होगा और इससे एक नए युग की शुरूआत होगी।




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।






## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर जगह-जगह किया गया प्रसादी वितरण



**पांडातराई।** पांडातराई नगर पंचायत में श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व पर जगह-जगह प्रसाद का वितरण किया गया प्रातः कल से ही हनुमान जन्म उत्सव की लोगों में उत्साह देखने को मिला एवं वही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ रही नगर में 7 से 8 जगह पर प्रसाद वितरण किया गया वहीं नगर से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम दसरंगपुर में पिछले 15 सालों से राम कथा प्रवचन का आयोजन होते आ रहा है एवं बहुत ही धूमधाम से हनुमान जयंती मनाया जाता है।

### पीएम श्री सेजेस पिपरिया में प्रवेश प्रारंभ

**पिपरिया।** सत्र 2025-26 में प्रदेश के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में छात्र तथा छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया की जानी है। इन समस्त विद्यालयों में सत्र 2025-26 में छात्र तथा छात्राओं के प्रवेश हेतु सेजेस पोर्टल तिथि 10 अप्रैल 2025 से प्रारंभ कर दिया गया है, प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 10 अप्रैल 2025 से 05 मई 2025 तक है तथा छात्र तथा छात्राओं के प्रवेश प्रक्रिया में अधिक आवेदन आने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट का आबंटन किया जाएगा और प्रवेश की अन्य आवश्यक कार्यवाही भी किया जाएगा, इसी तत्वाधान में पीएम श्री सेजेस पिपरिया में भी छात्र तथा छात्राओं का प्रवेश प्रक्रिया ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यमों से प्रारंभ हो गया है, कबीरधाम जिले के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री सेजेस पिपरिया के प्रिंसिपल सतीश बंजारे ने नगर पंचायत पिपरिया के आस-पास के गांवों तथा शहरों के लोगों से अपील की है कि पीएम श्री सेजेस पिपरिया में अपने बच्चों का प्रवेश कराए जिससे उनकी सर्वांगीण विकास हो सके।

### राष्ट्रीय सेमिनार में छत्तीसगढ़ के खिलेश्वर ने बढ़ाया प्रदेश का मान



**कुई कुकदूर।** 10 अप्रैल गुरूवार को मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार यूजीसी केयर सूची के बाद भारतीय शोध प्रकाशन का परिदृश्य एवं शोध प्रविधियों के विविध आयाम में सीएम दुबे महाविद्यालय, बिलासपुर छत्तीसगढ़ के छात्र खिलेश्वर ने सहभागिता कर प्रदेश और अपने गांव का नाम रौशन किया। सेमिनार का आयोजन सीकेएनकेएच हिंदी साहित्य समिति की प्रेसिडेंट डॉ. नम्रता जैन के नेतृत्व में हुआ, जिसमें देशभर के साहित्यकारों और समाज सुधारकों ने भाग लिया। सेमिनार में शोध प्रकाशन की गुणवत्ता, प्लेगरिज्म, डिजिटल युग में अनुसंधान, AI तकनीक और नैतिकता जैसे विषयों पर चर्चा हुई। खिलेश्वर की सक्रिय सहभागिता और शोध में रुचि को देखते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय सिंह एवं चेयरमैन डॉ संजय दूबे ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रस्तुत शोध पत्रों को आईएसबीएन युक्त पुस्तक में

---

सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाली पहल : विधायक

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 15 नवयुगलों का हुआ सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर

छत्तीसगढ़ शासन की महत्त्वपूर्ण मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत चंडी मंदिर प्रांगण में 15 नवयुगलों का सामूहिक विवाह विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा उपस्थित रहीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि बेटियों के आत्मसम्मान और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक सशक्त पहल है। वही कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे, जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदनी साहू ने भी नव युगलों को आशीर्वाद दिया। आयोजन में बसंत बाटिया, रतिराम भट्ट, बहादुर सोनी, श्रीमती कुसुम सोनी, दुजराम यादव, दीपक सलूजा, दशरथ कुंभकार, धनंजय लहरे, अमित डड़सेना, यशवंत श्रीवास, भगऊ मरावी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि, परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी, मंच संचालक शिक्षक कलीराम चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर सहित ग्रामीणों जन भी उपस्थित थे।



**समाज में समानता, एकजुटता का संदेश देती है**

सामूहिक विवाह योजना को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाली पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल आर्थिक रूप से सहायक है, बल्कि समाज में समानता और एकजुटता का संदेश भी देती है। समारोह में वर-वधुओं को शासन द्वारा निर्धारित सभी उपहार व सुविधा प्रदान की गई।

# हनुमान जयंती पर हुआ सुंदरकांड का पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶स.लोहारा

सहसपुर लोहारा जनपद अंतर्गत ग्राम छोटूपारा, विचारपुर, कल्याणपुर एवं पेंड्रीतराई में आयोजित श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं मातर-मंड़ई कार्यक्रमों में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी उपस्थिति से जनसमुदाय में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने सभी कार्यक्रम स्थलों पर पहुंचकर भगवान श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, श्री हनुमान जी सेवा, समर्पण और शक्ति के प्रतीक हैं। इन पर्वों के आयोजन से हमारी सांस्कृतिक विरासत सुदृढ़ होती है और सामाजिक समरसता को बल मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम स्तर पर इस प्रकार के सामूहिक आयोजनों से ग्रामीणों में सहयोग और सौहार्द की भावना विकसित होती है।

साथ ही उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण विकास, स्वच्छता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों को प्राथमिकता पर लेकर काम किया जा रहा है। इस दौरान लालाराम, सूरज साहू , परेटन वर्मा, भुखन साहू, अघन साहू, संतोष मिश्रा, हेमंत साहू, लक्ष्मीकांत वर्मा, योगेश साहू, भगवती साहू, धनेश साहू, श्रीमती उर्मिला-धनेश साहू, पंचराम साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोहारा निवासी कु. निधि साहू के विशेष निवेदन पर ईश्वरी साहू ने उनके जन्मदिन पर केक काटकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# हनुमान जन्मोत्सव पर सामूहिक सुन्दर कांड का पाठ, संस्कृति महिला ग्रुप का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶पण्डरिया

संस्कृति महिला ग्रुप के द्वारा शनिवार 12 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ आयोजित किया गया। यह आयोजन नगर की प्राचीन जमात मंदिर स्थित हनुमान जी के मंदिर में संपन्न हुआ। हिंदू पंचांग के मुताबिक प्रत्येक वर्ष चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि के दिन हनुमान जयंती का पर्व पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यह पर्व रामनवमी के 6 दिन के बाद मनाया जाता है, हनुमान जन्मोत्सव के दिन पूरी श्रद्धा के साथ पवन पुत्र हनुमान जी की पूजा, अर्चना, पाठ, आरती, भंडारा आदि किया जाता है। प्रतिवर्ष की भांति इस पर्व पर संस्कृति महिला ग्रुप के द्वारा सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा, राम रक्षा स्त्रोत का सामूहिक पाठ किया गया एवं महा आरती करने के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन में ग्रुप से उर्वशी चंद्रवंशी, शैल बिसेन, अर्चना ठाकुर, अनिता शर्मा, दीदी केसरी वैष्णव, प्रभा देवांगन, शिखा श्रीवास्तव, कविता चंद्रवंशी, नीतू सिंह, श्रृद्धा कौशिक, अनुराग ठाकुर, प्रफुल्ल बिसेन, शंकर चंद्रवंशी, गोविंद रजक सहित अन्य बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों ने किया अशोका स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण, नवाचारी शिक्षण प्रणाली का लिया अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर के प्रतिष्ठित अशोका पब्लिक स्कूल में सीवी रमन की यूनिवर्सिटी के बीएड डिपार्टमेंट के स्टाफ व विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण हेतु पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल की अभिनव शिक्षण पद्धतियों और अत्याधुनिक कैंपस का अवलोकन किया एवं उसकी सराहना की। स्कूल के संचालक, प्राचार्य एवं स्टाफ ने दल का स्वागत किया और उन्हें बताया कि हमारे स्कूल मे शिक्षा केवल जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समझ, कल्पना, और आत्मनिर्भरता विकसित करने का एक सशक्त साधन है। अशोका पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति एनईपी के अनुरूप, बच्चों को पारंपरिक रटने की प्रणाली से हटाकर व्यावहारिक और अवधारणात्मक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि बच्चों में स्वतंत्र सोच, आत्मविश्वास और विभिन्न कौशल विकसित करना है। हमारी यह अभिनव शिक्षण पद्धति बच्चों को बौद्धिक रूप से सक्षम, आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और नैतिक रूप से मजबूत बनाती है।

यहाँ शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि समग्र विकास हॉलिस्टिक डेवलपमेंट पर आधारित है। हमारी अभिनव शिक्षा पद्धति के अंतर्गत बच्चों में रीडिंग, राइटिंग, ट्रांसलेशन, इमैजिनेशन, एक्सप्लेनेशन जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने पर विशेष रूप से जोर दिया जाता है, जिससे वे स्वयं से अपना सिलेबस समझने और पूरा करने में सक्षम बनते हैं। दल ने देखा कि यहां बच्चे न केवल उत्तर लिखना सीखते हैं, बल्कि अपने प्रश्न भी स्वयं बनाते हैं और उनके उत्तर खोजते हैं। इससे उनकी गहन समझ, आलोचनात्मक सोच क्रिटिकल थिंकिंग और समस्या समाधान प्रॉब्लम सॉल्विंग की क्षमताएं विकसित होती हैं। अशोका स्कूल में कंपीटिशन की जगह को ऑपरेशन को बढ़ावा दिया जाता है। प्राचार्य ने बताया, "हम बच्चों को सहयोग की भावना से सीखने के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे वे बेहतर समाज के निर्माण में योगदान दे सकें। बीएड के छात्रों ने स्कूल की व्यावहारिक शिक्षण शैली को अनुभव किया न केवल कक्षा में, बल्कि पूरे कैंपस में। स्कूल के कॉरिडोर में रोड मार्किंग, ट्रैफिक सिग्नल, जेब्रा क्रॉसिंग जैसी व्यवस्थाएं बच्चों को ट्रैफिक नियमों का पालन सिखाने के लिए बनाई गई हैं। इसके अलावा, उन्होंने स्कूल के संसद मॉडल स्कूल पार्लियामेंट को देखा, जिसमें हर कक्षा को एक राज्य घोषित किया गया है और बच्चे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, जज, कलेक्टर और एसपी की भूमिका निभाते हैं। तो वे एक समझदार और जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। अंत में, दल ने कंप्यूटर लैब, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी लैब सहित बच्चों द्वारा निर्मित क्राफ्ट और गैजेट्स का भी अवलोकन किया, जिसने सभी को अत्यंत प्रभावित किया।

# कोलेगांव सहित अंचल में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित कंपनी दामापुर कुंडा के सभी कर्मचारी के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सब स्टेशन कोलेगांव में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया इसमें पंडित प्रशांत शर्मा दुल्लापुर वाले के द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ कराया गया गया, हनुमान चालीसा एवं रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया जिसमें जिसमें उपस्थित पंडित प्रशांत शर्मा कनिष्ठ अभियंता सत्यम मरावी सौरभ साहू लाइनमैन चंद्र कुमार यादव के विजय हेमंत धुर्वे मलखान ठाकुर दिलीप सूर्यवंशी दिनेश राठौर वी के खीसोरा योगेश्वर यादव देवराज विजेंद्र साहू अंतेश वैदलाल लव कुमार साहू रामू साहू शालिग्राम जितेंद्र साहब लाल उदय राम प्रदीप सुरेश साहू, मनोज गुप्ता, नरेंद्र चंद्रवंशी, नकुल सिंह चौहान एवं दिनेश पांडे उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव हिंदू धर्म में एक पवित्र पर्व है, जो भगवान हनुमान के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार संकट मोचन हनुमान जी आज भी धरती पर विद्यमान हैं और भक्तों के कष्टों को हरने वाले देवता माने जाते हैं। हर साल यह पर्व चैत्र माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन श्री राम और हनुमान जी का सच्चे मन से स्मरण करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## जगह- जगह मनाई गई हनुमान जयंती

भगवान हनुमान, भगवान शिव के रुद्र अवतार हैं, वे माता अंजनी और वानरराज केसरी के पुत्र हैं, हिंदू शास्त्रों के अनुसार, भगवान हनुमान आज भी इस धरती पर जीवित हैं क्योंकि वे चिरंजीवी हैं. हनुमान जयंती को बजरंगबली के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है, यह दिन राम नवमी के कुछ दिनों बाद आता है, जो भगवान श्रीराम के जन्म की तिथि होती है। बजरंगबली, मारुति नंदन, पवन पुत्र, अंजनी नंदन और संकट मोचन जैसे कई नामों से भगवान हनुमान जी को जाना जाता है। ऐसा विश्वास है कि जो लोग भगवान हनुमान की भक्ति करते हैं, उन्हें जीवन में बड़ी सफलता और सुख की प्राप्ति होती है भगवान हनुमान भक्ति और निष्ठा के सर्वोत्तम प्रतीक माने जाते हैं।

## श्रीराम की लंबी उम्र के लिए हनुमानजी ने अपनी ऊपर चढ़ाए सिंदूर

जब भी हम हनुमान जी की पूजा करते हैं, उनके शरीर पर सिंदूर का रंग हमें हमेशा दिखाई देता है। यह रंग सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि एक गहरी और भावनात्मक कथा से जुड़ा हुआ है, जो भक्ति, विश्वास के रूप में देखा जाता है। हनुमान जी पर सिंदूर चढ़ाने के पीछे की वजह एक दिन बाल ब्रह्मचारी हनुमान जी ने देखा कि मां सीता अपने माथे पर सिंदूर लगा रही थीं। यह दृश्य देखकर हनुमान जी के मन में एक जिज्ञासा जागी और उन्होंने पूछा मां यह सिंदूर आप क्यों लगा रही हैं? मां सीता मुस्कुराकर जवाब देती हैं, प्यारे हनुमान, यह सिंदूर मैं श्रीराम की लंबी उम्र और उनके सुख-शांति के लिए लगाती हूं। मां सीता के शब्दों ने हनुमान जी के दिल को छू लिया। उनका प्रेम और भक्ति इतनी गहरी थी कि उन्होंने सोचा, अगर एक छोटी सी सिंदूर श्रीराम की उम्र बढ़ा सकती है, तो क्यों न मैं अपने पूरे शरीर को सिंदूर से रंग दूं, ताकि मेरे प्रभु का जीवन और भी लंबा हो जाए। यह विचार आते ही हनुमान जी ने पूरे शरीर को सिंदूर से रंग दिया और श्रीराम के पास पहुंचे। जब भगवान श्रीराम ने हनुमान जी को सिंदूर में रंगा हुआ देखा, तो वह पहले तो थोड़े हैरान हुए, फिर मुस्कराकर बोले, "हे पवनपुत्र। यह क्या किया तुमने?" हनुमान जी ने पूरी श्रद्धा के साथ अपनी भावना समझाई। श्रीराम ने सुनकर उनका आशीर्वाद दिया और कहा, तुम्हारी भक्ति बेमिसाल है। अब से जो भी भक्त तुझे सिंदूर और तेल चढ़ाएगा, उसकी पूजा मुझे स्वीकार होगी। इस लिए हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाया जाता है ।

# कुण्डा मण्डल में गांव बस्ती चलो अभियान आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

भारतीय जनता पार्टी ने हाल ही में 46 वे स्थापना दिवस मनाया इसी के उपलक्ष्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हर बूथ पर वक्ता नियुक्त किया गया है।

वही भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल 2025 को अपना 46 वा स्थापना दिवस मनाया इसी के उपलक्ष्य में 4 सूत्रीय कार्यक्रम जैसे बूथ का बैठक लेना पार्टी की झंडा लेकर घर-घर लगाना एवं सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलना एवं लाभार्थियों के घर जाकर चर्चा करना जैसे कार्यक्रम बूथ स्तर पर कर रही इसी कड़ी में शुक्रवार को मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी एवं सेवा पखवाड़ा के मण्डल संयोजक संतोष चंद्रवंशी के मौजूदगी में भाजपा मण्डल कुण्डा के बूथ क्रमांक 176 ग्राम गुंझेटा के वक्ता जेठूराम निर्मलकर बूथ क्रमांक 177 ग्राम रेंगाबोड के वक्ता मनोज सिंह ठाकुर बूथ क्रमांक 192 ग्राम छीतापार के वक्ता मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी बूथ क्रमांक 193 ग्राम केशली खुर्द के वक्ता संयोजक संतोष चंद्रवंशी बूथ कमेटी का बैठक लेकर मंदिर स्कूल एवं गलियों में स्वच्छता अभियान चलाकर एवं प्रधानमंत्री आवास महतारी वंदन, भूमिहीन जैसे विभिन्न लाभार्थियों से बातचीत एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झंडा लेकर सभी गलियों में यात्रा निकालकर सेवा पखवाड़ा मनाया गया इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, मनोज ठाकुर, सूरज यादव, जेठू निर्मलकर, शोभा निर्मलकर, मनीष ठाकुर, भागवत यादव, राकेश यादव, दुखीराम निर्मलकर, जयचंद चंद्राकर, पेशी निर्मलकर, अनुज निषाद, उत्तम निषाद, रामकृष्ण वैष्णव, नीलू साहू, राजेश चंद्राकर, शिवकुमार चंद्राकर सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

समस्या का जल्द करें निदान, नहीं तो किया जाएगा घेराव, ग्रामीण

# तहसीलदार कार्यलिय बोड़ला को सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्राम पंचायत राजा नवागांव के बाजार चौक में तालाब के पचरी के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हो रहा है जिसमें समस्त ग्रामवासी को परेशानी हो रहा है हमारे ग्राम पंचायत में दो तालाब है जिसमें हम लोगों के द्वारा निरंतर उपयोग किया जा रहा है लेकिन वहां पर सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य चालू होने पर तालाब आने-जाने का रास्ता बंद हो रहा है एवं गांव के दुख का कार्य दसगात्र का कार्यक्रम के लिए तालाब जाने का रास्ता नहीं बन पा रहा है एवं समस्त ग्रामवासी के द्वारा सामुदायिक भवन के लिए दूसरे जगह चयन किया गया था जिसमें लखन मोहल्ले के द्वारा शासकीय कार्य में उक्त स्थान सोसायटी के पास शासकीय भूमि मेरा है कहकर रोक लगाया जा रहा है एवं गांव के कुछ लोगों के द्वारा बाजार चौक तालाब पार में अतिक्रमण किया जा रहा है जिससे समस्त ग्रामवासी को परेशानी हो रहा है इसलिए तालाब पार में सामुदायिक भवन नहीं बनना चाहिए एवं समस्त ग्राम वासी के द्वारा सामुदायिक भवन के लिए उचित स्थान बाजार चौक सेवा सहकारी समिति खाद गोदाम के पास शासकीय भूमि है जिसमें पंचायत द्वारा सामुदायिक भवन बना सकते हैं तथा लोगों के द्वारा हो रहे अतिक्रमण को अति शीघ्र हटाने के लिए पंचायत द्वारा नोटिस देकर तत्काल कार्यवाही करवाना चाहते हैं एवं इस समस्या के विरोध में समस्त ग्राम वासी के द्वारा तहसील कार्यालय बोडला पहुंचकर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया है एवं समस्याओं का निराकरण जल्द कराने की मांग रखा है अगर समस्याओं का निराकरण जल्द नहीं हो पाता है तो आने वाले दिनों में ग्रामीणों के द्वारा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दिया गया है। इस समस्या को लेकर समस्त ग्रामवासी तहसीलदार कार्यालय बोड़ला में पहुंचकर ज्ञापन सौपा।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## आयोजन : धर्म नगरी कवर्धा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

# धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव, दिनभर चले आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर सहित समूचे अंचल में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ रामभक्त हनुमान की विधिवत पूजा अर्चना कर सुखी जीवन के लिए मंगलकामना की गई।

इस बार हनुमान जयंती केशरीनंदन का जन्मोत्सव शनिवार को पड़ने के कारण लोगों में कुछ ज्यादा ही उत्साह देखने को मिला और पावन पर्व पर नगर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही हनुमत प्रेमी भक्तों की खासी भीड़ रही। धर्म नगरी कवर्धा सिद्धपीठ खेड़ापति हनुमान मंदिर में अंजनी कुमार की जयंती विविध आयोजनों के साथ मनाई गई। इस दौरान भक्त मंडलियों द्वारा हनुमान चालिसा, रामरक्षा स्त्रोत, सुंदरकांड व हनुमत सहस्त्र नामावली रामचरित मानस का विधिवत पाठ किया गया। जयंती के मौके पर केशरी नंदन का दूध, गंगा जल एवं नर्मदा जल, घी, शहद, दही व इत्र आदि से रूद्राभिषेक कर पवन कुमार का बाल रूप में श्रृंगार किया गया और महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

नगर के प्रसिद्ध व सिद्धपीठ श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में अभिषेक श्रृंगार के पश्चात घंटा, घडिड़ाल व शंख ध्वनि के साथ महाआरती कर हनुमत स्तवन के साथ हनुमान जी की स्तुति की गई। तत्वश्चात हनुमान लला को लड्डुओं का भोग लगाया गया और प्रसाद वितरण व भण्डारा प्रारंभ किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। वहीं जयंती के मौके पर संध्या आरती पश्चात सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भजन संध्या आयोजित की गई जिसमें स्थानीय मण्डलियों द्वारा देर रात तक भक्ति संगीत प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार सिविल लाईन स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के पावन पर्व पर अभिषेक हवन पूजन का आयोजन किया गया।

जहां सभी वर्ग के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान जयंती के मौके पर नगर के हटरी पारा, कचहरी पारा, पुराना कृषि उपज मण्डी स्थित हनुमान मंदिर तथा लोहारा रोड़ स्थित मंदिर में भगवान हनुमान की जयंती पर पूजा पाठ व भण्डारा का भव्य आयोजन किया गया।




### शोभायात्रा में बजरंगियों की उमड़ी भीड़

जयंती के मौके पर नगर के हनुमान मंदिरों में दिनभर पूजा पाठ के बाद शाम को सिद्धपीठ खेड़ापति हनुमान मंदिर से विहिप व बजरंगदल के तत्वाधान में अंजनी पुत्र की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में हनुमान भक्त शामिल हुए। शोभायात्रा मंदिर परिसर से गाजे-बाजे, डीजे के साथ निकलकर हटरी पारा, ऋषभदेव चौक, एकता चौक, सिग्रल चौक, बस स्टैण्ड, सीएम हाऊस, गुरूनानक गेट, दर्री पारा, विक्की विडियो, महावीर स्वामी चौक, ठाकुर पारा होते हुए वापस खेड़ा पति हनुमान मंदिर पहुंची। इस दौरान जहां शोभायात्रा का जगह.जगह स्वागत किया गया वहीं शोभायात्रा में शामिल बजरंगियों ने स्थानीय एकता चौक में हनुमान जी भव्य महाआरती की और अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में शामिल बजरंगियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हांथ में केशरिया ध्वज लिए बजरंगियों ने समूचे नगर को भगवान श्रीराम और भक्त हनुमान के जयघोष से गुंजाएमान कर दिया।



### एकता चौक में हनुमान चालीसा

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर के सिद्धपीठ खेड़ापति हनुमान मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा के स्थानीय एकता चौक पहुंचने पर यहां हनुमान भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ व महाआरती की गई। जिसमें सैकड़ों हनुमान भक्त शामिल हुए। इस दौरान हनुमान भक्तों का उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### हनुमान जयंती पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने की विशेष पूजा-अर्चना



कवर्धा। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर आज छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक व आस्था के प्रमुख केंद्र खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्रद्धा और भक्ति के साथ मंदिर में महाआरती में शामिल हुए तथा प्रदेश सहित जिलेवासियों की सुख-शांति, समृद्धि और निरोगी जीवन की कामना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री के साथ जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित अनेक पार्षद एवं गणमान्य नागरिकों ने भी हनुमानजी की आराधना में भाग लिया और पूजा-अर्चना कर प्रदेश के कल्याण के लिए प्रार्थना की। पूजा-पाठ के बाद मंदिर परिसर में विशेष महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी शामिल हुए। महाआरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर जय बजरंग बली के जयकारों से गूंज उठा और भक्तिभाव से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हनुमानजी की आराधना से शक्ति, साहस और संकल्प की भावना प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि खेड़ापति हनुमान मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि जनआस्था का प्रतीक है, जहां श्रद्धालुजन आकर आत्मिक शांति का अनुभव करते हैं। उन्होंने सभी को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दीं और प्रदेश में सद्भाव, शांति और विकास की भावना को मजबूत बनाए रखने का आह्वान किया। हनुमान जयंती के इस पावन पर्व पर मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले का खेड़ापति हनुमान मंदिर जनआस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां प्रत्येक मंगलवार एवं विशेष पर्वों पर दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं।


## खबर संक्षेप



### डीपीएस में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**कवर्धा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, कवर्धा में शनिवार को हनुमान प्रकटोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजन-अर्चन के साथ की गई। जिसमें श्री हनुमान जी की विधिवत पूजा की गई और सभी ने भक्ति भाव से उनकी वंदना की। तत्पश्चात विद्यालय परिसर में सामूहिक भजन-कीर्तन एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान तब वातावरण भक्तिमय हो गया जब विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर भगवान हनुमान के गुणगान में भजन प्रस्तुत किया। इस पावन अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल विद्यालय के बाहर आने जाने वाले लोगों के लिए स्कूली बच्चों द्वारा प्याऊ घर का शुभारंभ भी किया गया, जो समाजसेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम है। यह प्याऊ अब आने-जाने वाले राहगीरों के लिए निःशुल्क जल सेवा प्रदान करेगा। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक आशीष अग्रवाल एवं अभिषेक अग्रवाल उपस्थित थे।

# आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा खेलने और खिलाने वाले दो गिरफ्तार, दो पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आपीएल सीजन के साथ ही सट्टेबाजी की गतिविधियों में आई तेजी पर लगाम कसते हुए कबीरधाम पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है वहीं दो पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। पुलिस ने गिरफ्त में आए सटोरियों के पास से दो मोबाईल फोन भी जप्त किए है जिनमें सट्टेबाजी से संबंधित रिकार्ड मौजूद है। आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 145/2025, धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड में माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को कवर्धा कोतवाली पुलिस को मुखवीर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि कवर्धा शहर में कुछ लोगों द्वारा आईपीएल क्रिकेट में ऑन लाईन सट्टा खेला और खेलाया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर कवर्धा कोतवाली पुलिस उप निरीक्षक रजनीकांत दीवान ने अपनी टीम के साथ आरोपियों के ठिकाने में दबिस देकर आरोपी गोपी गुप्ता पिता कृष्णा गुप्ता आयु 42 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 बुढ़ा महादेव मंदिर के पास, कवर्धा तथा आशीष गुप्ता पिता स्व. रामशंकर गुप्ता आयु 35 वर्ष निवासी गुप्ता पारा, कवर्धा को दबोच लिया। पुलिस ने इस दौरान दो अन्य व्यक्तियों पर भी कार्रवाई की है। बताया जाता है कि पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए गए रविकांत झाड़े और आकाश दुबे ने पुलिस के समक्ष बहसबाज़ी कर संभावित उपद्रव की स्थिति उत्पन्न की, जिस पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत एसडीएम न्यायालय में विधिक कार्यवाही की गई।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दीपाली सोनी ने हासिल किया गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नेपाल के पोखरा शहर में 3 से 7 अप्रैल तक चली अंतरराष्ट्रीय भारतीय संघ खेल में दीपाली सोनी ने वेटलिफ्टिंग में 76 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया है। दीपाली कवर्धा की पहली महिला खिलाड़ी है जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले वह राष्ट्रीय स्तर पर भी मेडल जीत चुकी है। दीपाली कोच अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर सूरज राजपूत के सानिध्यम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। उनकी उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

### नपाध्यक्ष ने दिया स्वच्छता का संदेश




**कवर्धा।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पुराना सरकारी अस्पताल के पास स्थित हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन अपनी व्यस्तताओं के चलते वे कार्यक्रम में देर से पहुंचे। जब तक नगर पालिका अध्यक्ष पहुंचे, तब तक प्रसाद वितरण का कार्य लगभग समाप्त हो चुका था। उन्होंने आयोजन में शिष्टाचारवश भाग लेने के बाद देखा कि मंदिर के आसपास की सड़क पर डिस्पोजल प्लेटें, दोने व अन्य कचरा फैला हुआ है। यह दृश्य देख उन्होंने बिना किसी औपचारिकता के स्वयं झाड़ू उठाया और सड़क की सफाई शुरू कर दी। उनके इस कदम से वहां मौजूद लोगों को न केवल आश्चर्यचकित लगा बल्कि एक प्रेरणादायक स्वच्छता का संदेश भी दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

# नवीन बाजार होगा सुव्यवस्थित मटन बाजार होगा व्यवस्थापित

- कलेक्टर व नपा अध्यक्ष ने किया नवीन बाजार का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज शनिवार सुबह कवर्धा नगर के सबसे बड़े नवीन बाजार का निरीक्षण किया और बाजार को सुव्यवस्थित करने हेतु अनेक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कलेक्टर को पालिका की भावी योजनाओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने बाजार में सुगठित ढंग से दुकानों की व्यवस्था, आमजन को यातायात जाम से राहत दिलाने के लिए मछली, चिकन व मटन मार्केट को नवीन बाजार से ट्रांसपोर्ट नगर की ओर स्थानांतरित करने की योजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने नवीन बाजार के मुख्य द्वार का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने और बंद दुकानों को चालू कराने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान बाजार क्षेत्र को धूल मुक्त करने के लिए रोड के किनारे को सीसी या पेवर लगाने की कार्य योजना बनाने के लिए निर्देशित भी किए। कलेक्टर श्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान बाजार के प्रत्येक मार्ग का अवलोकन किया और वहां उपस्थित नागरिकों से बाजार में होने वाली समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु पालिका अधिकारियों को सतर्कता से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय वार्ड पार्षद सुनील साहू, दुर्गेश अवस्थी, कवर्धा एसडीएम मुकेश रावटे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### व्यापारियों के साथ प्रशासन की बैठक आयोजित

गौरतलब है कि एक दिन पूर्व शुक्रवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नगर विकास के उद्देश्य से व्यापारियों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की थी। बैठक में व्यापारियों से शहर के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए, जिनमें से कई महत्वपूर्ण सुझावों को गंभीरता से संज्ञान में लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि कवर्धा हमारा शहर है और इसे सुंदर तथा स्वच्छ बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है तथा प्रमुख मार्गों की नालियों की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि कोई भी सफाईकर्मी सड़क का कचरा नालियों में न डाले, अन्यथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और अपने स्तर से भी योगदान दें।

### पालिका अध्यक्ष ने मांगा जनसहयोग

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने में व्यापारियों द्वारा दिए गए सुझाव अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी सुझावों पर गंभीरता से अमल किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि नालियों पर कचरा न फेंके और नालियों के ऊपर बने अवैध चबूतरों को स्वयं हटाएं, ताकि समय पर साफ-सफाई संभव हो सके।

## छीर बांध से सूखी मुन्नकुन्ना नदी में पानी छोड़ने खोदी गई अस्थाई नाली

## जिपं उपाध्यक्ष की पहल : दर्जनों ग्रामों को मिली जल संकट से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रीष्म ऋतु के सीजन में लगातार बढ़ रही गर्मी और तपिश के चलते जिले के कई ईलाकों में भीषण जल संकट की समस्या उत्पन्न हो गई है। आलम ये है कि क्षेत्रीय नदी, नाले तथा दूसरे जल स्त्रोत सूख चुके हैं। ऐसे में क्षेत्रवासियों के सामने निस्तारी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई। ऐसी ही समस्या जिला पंचायत क्षेत्र के क्रमांक 10 में भी देखने को मिल रही है। जहां दर्जनो ग्रामों के ग्रामीणों के लिए जीवनदायिनी मानी जाने वाली स्थानीय मन्नकुन्ना नदी अप्रैल माह के शुरूआती दिनों में ही सूख चुकी है। जिससे लोगों के सामने निस्तारी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। अपने जिला पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके मार्ग दर्शन और दिशा निर्देश पर सराहनीय पहल करते हुए एक वैकल्पिक व्यास्था बनाकर सूख चुकी मुन्नकुन्ना नदी में पानी छोड़ने की व्यवस्था की है। बताया जाता है कि इस जनकल्याणकारी कार्य में बीते करीब तीन-चार दिनों से लगातार जुटे जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने एक रूप रेखा तैयार कर छीर बांध के पानी से मुन्नकुन्ना नदी में पानी छोड़ने की व्यवस्था की है। इसके लिए बकायदा क्षेत्र के ग्रामीणों से चर्चा कर और उनसे सहयोग लेकर छीर बांध नहर नाली से नदी तक पानी पहुंचाने के लिए जेसीबी मशीन से करीब 36 घंटे की लगातार खुदाई कर अस्थाई नाली का निर्माण कराया गया है। इस अस्थाई नहर नाली की खुदाई के पूर्व बीते गुरूवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन भी किया। जिसके फल स्वरूप शनिवार को अस्थाई नहर नाली से सूख चुकी मन्नकुन्ना नदी में अब छीर बांध का पानी पहुंचने लगा है। माना जा रहा है कि अब जल्द ही यह नदी एक बार फिर पानी से लबालब हो जाएगी और लोगों को कम से कम निस्तारी के लिए पानी मिलने लगेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी की इस शानदार पहल और कार्य के प्रति लगन को देख लोगों ने इसकी जमकर तारीफ की। यही वजह है कि अस्थाई नहर नाली खोदने के लिए क्षेत्र के किसानो ने अपने खेत में भी खुदाई की अनुमति दे दी। इतना ही नहीं जिन किसानो के खेतों में गन्ना की फसल लगी थी उन्होने भी फसल का लागत मूल्य लेकर अपने खेतों से अस्थाई नहर नाली खोदने की स्वीकृति दे दी और एक प्रकार के इस सामूहिक सहयोग से भीषण जल संकट से जूझ रहे क्षेत्र के खड़ौदा, मदनपुर, सोनबरसा, बटुराकछार, बारदी, सेमो, कोको, बानो, सिंघनपुरी, गधाभांटा, मानपुर सहित करीब 40 से 50 गांवों के बासिंदों को बड़ी राहत मिली है। जिसके लिए क्षेत्रवासियों ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया है।।





# गुरुकुल में हनुमान जन्मोत्सव व डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में प्रातः कालीन सभा आयोजित कर हनुमान जन्मोत्सव व डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

इस शुभ अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य, समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाएँ व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सर्वप्रथम डॉ. भीमराव अम्बेडकर के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर तथा रामभक्त, परमसंत, बलवंत, हनुमंत जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजन वंदन व हनुमान चालीसा का गायन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शाला के छात्र-छात्रों ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर से संबंधित सरगर्भित भाषण से सभी को अवगत कराये तथा हनुमान जी के भजन कीर्तन से पूरा विद्यालय प्रांगण भक्तिमय हो उठा। शाला के प्रभारी प्राचार्य ने हनुमान जन्मोत्सव व डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा डॉ. भीमराव अम्बेडकर से हमें सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा व हनुमान जी से भक्ति भावना का पाठ सीखना चाहिए। इस शुभ अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारीगण ने हनुमान जन्मोत्सव व डॉ. भीमराव अम्बेडकर जंयती पर पूरे विद्यालयीन परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

